# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 381/2023

## सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2024–25) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2024 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, सभी अभिभावक एवं सर्वसाधारण के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2024–25) में नामांकन हेतु दिनांक 12.10.2023 को आयोजित प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2024 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, सभी अभिभावक, सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2024 में उपयोग में लाये गये प्रश्न–पत्र बुकलेट (सेट कोड– A, B, C, D, E, F, G, H, I एवं J) की उत्तर कुंजी (Answer Key) समिति की वेबसाईट **https://savsecondary.biharboardonline.com/Grievance/GLogin** पर **दिनांक 20.10.2023 के पूर्वाह्न से 25.10.2023 के पूर्वाह्न तक** अपलोड रहेगा।

2. उक्त परीक्षा की उत्तर कुंजी (Answer Key) में अगर किसी प्रकार की कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो समिति की वेबसाईट **https://savsecondary.biharboardonline.com/Grievance/GLogin** पर साक्ष्य सहित **दिनांक 20.10.2023 के पूर्वाह्न से 25.10.2023 के पूर्वाह्न तक** ऑनलाईन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

3. <u>समिति के उक्त वेबसाईट के पोर्टल पर आपत्ति दर्ज करने का तरीका निम्नवत् है</u> :–

- उत्तर कुंजी देखने एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी उपर्युक्त Link पर जाकर अपना मोबाईल नम्बर एवं जन्मतिथि (dd/mm/yyyy) डालकर Login करेंगे।
- Login के बाद Download Master Answer **"Click Here"** पर Click कर उत्तर कुंजी देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते हैं।
- इसके बाद Generate/View Query पर Click करने पर आपत्ति विंडो खुलेगा।
- अभ्यर्थी आपत्ति विंडो में अपना प्रश्न–पत्र सेट कोड, प्रश्न संख्या एवं नेचर ऑफ आब्जेक्शन को Select कर Suggested Answer में अपना उत्तर Suggest कर सकते हैं तथा आपत्ति के लिए संबंधित टेक्स्ट बॉक्स में औचित्य या अतिरिक्त जानकारी भी लिख सकते हैं। अंत में Submit Button पर Click करेंगे।
- आपत्ति सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**